साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)



# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

के अवसर पर

प्राचार्या डॉ (श्रीमती) सीमा जैन

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह, प्रतिवेदन तथा पूर्व छात्र मिलन समारोह

## 2024-2025

मुख्य अतिथि:-

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती साक्षी मलिक | श्री सत्यव्रत कादयान | श्रीमती अन्नू नरवाल |
| (पदमश्री व ओलिंपिक मेडलिस्ट) | (अर्जुन अवार्डी) | (सोशल एक्टिविस्ट) |

# साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)

**वार्षिक प्रतिवेदन 22.02.2025**

तृतीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**सौजन्य से:-**

**समस्त महाविद्यालय परिवार**

## महाविद्यालय परिचय

इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष **2014** में हरियाणा सरकार के द्वारा गांव मोखरा तथा आसपास के गावों में रहने वाली छात्राओं को उनके घर के नजदीक लोकल लेवल पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए गांव मोखरा खास में की गई। प्रारंभिक सत्र **2014-15** में कला तथा वाणिज्य संकाय दोनों में मिलकर कुल 93 छात्राओं ने महाविद्यालय में प्रवेश लिया। प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के आदेशानुसार वर्ष **2017** में इस महाविद्यालय का नाम बदलकर **साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)** कर दिया गया। शिक्षा सत्र 2024-25 में यह महाविद्यालय सह-शिक्षण संस्थान में बदलने के कारण महाविद्यालय का नाम बदलकर **साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)**। वर्तमान में यह महाविद्यालय जिला रोहतक के मोखरा गांव के आसपास के गावों की छात्र - छात्राओं को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देकर अपना नाम अर्जित कर रहा है।

महाविद्यालय में लगातार काम हो रही छात्राओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए तथा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लड़कों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय को सह शिक्षा संस्थान में तब्दील करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा में पत्राचार किया गया है।

## महाविद्यालय परिवार

शिक्षा सत्र 2024-25 में महाविद्यालय में **209** विद्यार्थी हैं। महाविद्यालय में वर्तमान समय में केवल कला संकाय पढ़ाया जाता है तथा **प्राचार्या** महोदय के अलावा **10 नियमित प्राध्यापक और और प्राध्यपिकाएँ** कार्यरत हैं, जिसमें से 04 प्राध्यपिकाएँ अन्य महाविद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर गई हुई है। कार्यालय में **एक सहायक, एक क्लर्क** के अलावा महाविद्यालय में एक **एल0 ए0, एक जे0 एल0 ए0, एक कंप्यूटर अनुदेशक, एक कंप्यूटर लैब अटेंडेंट, एक लाइब्रेरी अटेंडेंट तथा छह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी** कार्यरत हैं। महाविद्यालय में कार्यरत स्टाफ का लेखाजोखा निम्नलिखित है:-

1. **टीचिंग स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** | **विषय** |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती सुनीता धनखड़ | सहायक प्रोफेसर | राजनीतिक विज्ञान |
| 02 | डॉ पूनम | एसोसिएट प्रोफेसर | अर्थशास्त्र |
| 03 | श्रीमती रचना देवी | सहायक प्रोफेसर | गणित |
| 04 | कुमारी कविता आनंद | सहायक प्रोफेसर | वाणिज्य |
| 05 | श्री ईश्वर सिंह | सहायक प्रोफेसर | इतिहास |
| 06 | श्रीमती सोनिया | सहायक प्रोफेसर | इतिहास |
| 07 | डॉ महक | सहायक प्रोफेसर | अर्थशास्त्र |
| 08 | श्री संदीप कुमार | सहायक प्रोफेसर | हिंदी |
| 09 | डॉ विनोद कुमार | सहायक प्रोफेसर | भूगोल |
| 10 | डॉ राजेश कुमार | सहायक प्रोफेसर | शारीरिक शिक्षा |

2. **नॉन-टीचिंग स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| 01 | श्री संदीप | सहायक |
| 02 | श्री अमित | क्लर्क |
| 03 | श्री सुरेश कुमार | जे0 एल0 ए0 |
| 04 | श्री आशीष मलिक | एल0 ए0 |

3. **कंप्यूटर लैब स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| **01** | श्री कृष्ण यादव | कंप्यूटर अनुदेशक |
| **02** | श्री रविन्द्र | कंप्यूटर लैब अटेंडेंट |

4. **लाइब्रेरी स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| 01 | श्री मोहित कुमार | लाइब्रेरी अटेंडेंट |

5. **चतुर्थ श्रेणी स्टाफ:-**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| 01 | श्री प्रवीण कुमार | पीयन |
| 02 | श्री सुखबीर सिंह | पीयन |
| 03 | श्री मन्नू | माली |
| 04 | श्री दीपक | चौकीदार-कम-स्वीपर |
| 05 | श्री प्रमोद | चौकीदार |
| 06 | श्रीमती मुन्नी देवी | स्वीपर |

## आई0 क्यू0 ए0 सी0

महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों को शुरू करने, योजना बनाने और पर्यवेक्षण करने के लिए तथा महाविद्यालय में प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता की बढ़ने के लिए का गठन किया गया है। वर्तमान में यह सेल **श्रीमती सोनिया सहायक, प्रोफेसर इतिहास** एवं **डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल** की अगुवाई में निष्ठापूर्वक कार्य कर रहा है।

**आई0 क्यू0 ए0 सी0 की जिम्मेवारियां:-**

1. संस्था में गुणवत्तापूर्ण संस्कृति का विकास।
2. शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों का समय पर, कुशल और प्रगतिशील प्रदर्शन सुनिश्चित करना।
3. सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और प्रसार सहित गुणवत्ता-संबंधी गतिविधियों के समन्वय के लिए संस्थान की एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना।
4. शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रमों की प्रासंगिकता और गुणवत्ता को जांचना।
5. शिक्षण और सीखने के आधुनिक तरीकों का अनुकूलन और एकीकरण।
6. समर्थन संरचना और सेवाओं की पर्याप्तता, रखरखाव और उचित आवंटन सुनिश्चित करना।

7. संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए गुणवत्ता बेंचमार्क/मापदंडों का विकास और अनुप्रयोग।
8. गुणवत्ता संबंधी संस्थागत प्रक्रियाओं पर छात्रों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों से फीडबैक प्रतिक्रिया की व्यवस्था।

## बर्सर

एक **बर्सर** महाविद्यालय में एक पेशेवर प्रशासक होता है जिसकी अकसर मुख्य रूप से वित्तीय भूमिका होती है। बर्सर के कर्तव्य एक संस्थान से दूसरे संस्थान में भिन्न-भिन्न होते हैं। कई संस्थानों में, बर्सर केवल छात्र वित्त से संबंधित होते हैं। अन्य संस्थानों में, बर्सर कुछ संकाय वित्त मुद्दों से भी निपटते हैं। बर्सर महाविद्यालय को बाहरी संगठनों से प्राप्त होने वाले भुगतानों की भी देखरेख करते हैं जिनके लिए वह सेवाएं प्रदान करता है। कुछ संस्थानों में, संस्थान के पास मौजूद सारा पैसा बर्सर की ज़िम्मेदारी है। साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा रोहतक में आर्थिक संसाधनों का लेखा जोखा और देख-रेख का कार्य **श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास** का है, जो महाविद्यालय में बर्सर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## रजिस्ट्रार

**श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर हिंदी** महाविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर सुशोभित हैं । **श्री रविन्द्र** के सहयोग से इस कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा व लगन से निभा रहे है । सम्बंधित यूनिवर्सिटी से किसी भी परकार के पत्राचार तथा परीक्षाओं के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए रजिस्ट्रार जिम्मेवार होता है ।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

पुस्तकालय वह स्थान है जहाँ विविध प्रकार के ज्ञान, सूचनाओं, स्रोतों, सेवाओं आदि का संग्रह रहता है। पुस्तकालय शब्द अंग्रेजी के लाइब्रेरी शब्द का हिंदी रूपांतर है। लाइब्रेरी शब्द की उत्पत्ति लेटिन शब्द लाइवर से हुई है, जिसका अर्थ है पुस्तक। पुस्तकालय का इतिहास लेखन प्रणाली पुस्तकों और दस्तावेज के स्वरूप को संरक्षित रखने की पद्धतियों और प्रणालियों से जुड़ा है।

पुस्तकालय यह शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-पुस्तक + आलय। पुस्तकालय उस स्थान को कहते हैं जहाँ पर अध्ययन सामग्री (पुस्तकें, पत्रपत्रिकाएँ, मानचित्र, हस्तलिखित ग्रंथ एव अन्य पठनीय सामग्री) संगृहीत रहती है और इस सामग्री की सुरक्षा की जाती है।

**डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल** महाविद्यालय में पुस्तकालय इंचार्ज के पद पर सुशोभित हैं । **श्री आशीष मलिक एवं श्री मोहित** के सहयोग से इस कर्त्तव्य को पूर्ण निष्ठा व लगन से निभा रहे है । शिक्षा सत्र 2024-25 महाविद्यालय के पुस्तकालय के लिए गौरवशाली वर्षों में से एक था क्योंकि पुस्तकालय को **"उत्कर्ष"** नाम दिया गया तथा पुस्तकालय में सुविधाओं के उन्नयन के लिए 4 लाख रूपये से अधिक की ग्रांट मिली है । महाविद्यालय के पुस्तकालय में **2426** पुस्तकें हैं । सभी पुस्तकें लाइब्रेरी में प्रयोग होने वाले सोल सॉफ्टवेयर के मध्य से कम्प्यूटरीकृत हैं। महाविद्यालय के वाचनालय में लगभग **100 विद्यार्थियों के बैठने तथा पढ़ने की सुविधा** है।

सत्र 2024-25 में पुस्तकालय में निम्नलिखित सुविधाओं को जोड़ा गया है :-

- ✓ नई किताबें ।
- ✓ 10 स्टडी टेबल तथा 40 कुर्सियां ।
- ✓ 2 नए प्रॉपर्टी काउंटर ।
- ✓ 2 नए मैगज़ीन स्टैंड और एक नए आगमन खंड के लिए ।
- ✓ पुस्त्कालय ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक नया सुचना केंद्र स्थापित करने में कामयाबी हासिल की ताकि वे डिजिटल सामग्री तक पहुँच सकें ।
- ✓ उक्त अवधि के दौरान संस्थान द्वारा नए डिजिटल संसाधनों की भी सदस्यता ली गयी ।

## खेल-कूद की उपलब्धियां

31.01.2025 छात्रों जबकि 01.02.2025 छात्राओं की साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में आठवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर 200 ,मीटर 400, मीटर रेस 1600, मीटर रेस) छात्रों ,(लॉग जम्प ,शॉटपुट ,डिस्कस थ्रो ,मटकी रेस व भाला फेक दो दिवसीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका प्रबंधन श्री संदीप कुमार दांगी ,सहायक प्रोफेसर हिंदी ने किया । मंच का सन्चालन श्रीमती सुनीता धनखड़ ,असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान द्वारा किया गया।

प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ के अलावा मोखरा गांव से भूतपूर्व सैनिक श्री राजबीर ,श्री राम किशन , श्री रामकुमार , श्री बलवान सिंह, श्री हरी राम , श्री धर्म वीर मालिक, श्री राजिंदर, श्री हरज्ञान , श्री रामकुमार और श्री राम किशन जी ने इस खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति व आशीर्वाद से छात्रों और छात्राओं का हौसला बढ़ाया।

खेल कूद प्रतियोगिता के अंत में बी0 ए0 प्रथम वर्ष के छात्र अंकित रोल नंबर 1240215097 और बी0 ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान रोल नंबर 1230215014 सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुने गए।

## कंप्यूटर विभाग

महाविद्यालय में छात्राओं को कंप्यूटर तथा सुचना प्रौद्योगिकी सम्बंधित शिक्षा प्रदान करने के लिए कंप्यूटर विभाग बनाया गया है। इस विभाग में एक कंप्यूटर अनुदेशक तथा एक कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कार्यरत हैं। महाविद्यालय में एक कंप्यूटर लैब है, जिसमें **40 कंप्यूटर, 15 प्रिंटर तथा 02** बड़ी फोटो कॉपी मशीन हैं। कंप्यूटर लैब के सभी कंप्यूटर नेटवर्किंग के सहारे आपस में जुड़े हुए हैं तथा लैब में सभी कंप्यूटर इंटरनेट से भी जुड़े हुए हैं। कंप्यूटर लैब में **एक प्रोजेक्टर** तथा **एक स्मार्ट क्लास रूम** भी है जिसका प्रयोग करके छात्राओं को पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। चालू सत्र 2024-25 में महाविद्यालय में बी0 ए0 अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए डेढ़ महीने का कंप्यूटर सर्टिफिकेट कोर्स करवाया गया। सर्टिफिकेट कोर्स के अंत में छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## मेंटर मेंटी ग्रुप

मेंटरशिप (मेंटर मेंटी ग्रुप) मेंटर्स और उनके शिष्यों के लिए कई लाभ प्रदान कर सकती है। इस संबंध को विकसित करने से दोनों को नई चीजें सीखने, अपना नेटवर्क बनाने और पेशेवर के रूप में विकसित होने में मदद मिल सकती है। इन लाभों को समझने से आपको यह निर्णय लेने में मदद मिल सकती है कि आपको एक सलाहकार ढूंढना है या बनना है।

मेंटर अथवा सलाहकार छात्र-छात्राओं के लिए **ज्ञान के स्रोत के रूप में, लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करने वाला, प्रोत्साहन देने वाला, रचनात्मक प्रतिक्रिया देने वाला, दिशानिर्देश देने वाला** तथा **नि:शुल्क अनुभव देने वाले** व्यक्ति के रूप में कार्य करता है।

महाविद्यालय में मेंटर मेंटी का कार्य **श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी** के सहयोग से कार्य कर रहा है। महाविद्यालय में हर महीने के अंतिम शनिवार को छात्राओं के लिए मेंटर-मेंटी की क्लास लगाई जाती है। इसके लिए महाविद्यालय में पढ़ने वाली समस्त छात्राओं को विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया है तथा सभी ग्रुप को एक-एक मेंटर प्रदान किया गया है। मेंटर की भूमिका महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक निभाते हैं। इस दौरान सम्बंधित छात्राओं की करियर, शिक्षा तथा अन्य प्रकार की समस्याएं भी सुनी जाती हैं तथा उनका निवारण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाती है। इसके अलावा मेंटर के द्वारा छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए करियर सम्बंधित गाइडलाइन्स भी दी जाती हैं।

## युथ रेडक्रॉस सेल

**महाविद्यालय में  युथ रेडक्रॉस सेल** श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास **के निर्देशन में वर्ष भर सक्रिय रहा।**

दिनांक 13.08.2024 को महाविद्यालय में NSS व् यूथ रेड क्रॉस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में "राखी प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बहु अकबरपुर, रोहतक के वृद्धआश्रम से स्वयं सहायता समूह की सदस्यों कुमारी नीलिमा तथा इमिलिया ने राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया।

दिनांक: 180.92024._को युवा रेड क्रास , प्रकृति व्याख्या केंद्र  व्  आंतरिक  गुणवत्ता  आश्वासन  प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विस्तार व्याख्यान के लिए डॉ  तान्या व् अर्चना,  सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,  मोखरा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने कृमियों के विभिन्न प्रकार, कृमि रोग के लक्षण ,  फैलने के कारण व् बचाव के उपाय बहुत ही सहज व्  सरल शैली में विस्तारपूर्वक  छात्राओं को समझाए।

दिनांक 25.11.2024 को महाविद्यालय के एन 0एस 0एस 0तथा यूथ रेड क्रॉस के तत्वावधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन तथा सेमिनार का आयोजन किया गया।

दिनांक 26.11.2024 को महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने  इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका व युवा रेड क्रॉस की काउंसलर श्रीमती सोनिया के नेतृत्व में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय) एमडीयू (में आयोजित संविधान दिवस समारोह में भाग लिया। विश्वविद्यालय में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़ा गया तथा भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं पर राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और रामचन्द्र जांगड़ा ने प्रेरक भाषण दिए।

# महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ **श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास** के निर्देशन में वर्षभर सक्रिय रहा।

दिनांक 06.08.2024 को महाविद्यालय में तीज पर्व के उपलक्ष्य में IQAC व् महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में "हरियाणवी व्यंजन )पाक कला ( प्रतियोगिता "का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गुलगुले, सुवाली, पूड़े, पकोड़े व चूरमा आदि हरियाणवी व्यंजन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्या, बी. ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय और छात्र सोनू व् जतिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 17.08.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय ,मोखरा में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में "मेहंदी प्रतियोगिता "का आयोजन किया गया। बी. ए. तृतीय की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निधि बी. ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय और छात्रा अंजू व् अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपा , हिमांशी, ज्योति, मनीषा व् दिव्या को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

दिनांक 16.10.2024 को महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में साइबर क्राइम/ साइबर सिक्यूरिटी विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नजदीकी पुलिस स्टेशन बहु अकबरपुर से सब इंस्पेक्टर सतपाल सिंह तथा साइबर क्राइम इनचार्ज ,असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर ,श्री विकास कुमार को लेक्चर के लिए बुलाया गया।

दिनांक 25.10.2024 को एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल और महिला प्रकोष्ठ के द्वारा दीपावली पर्व के उपलक्ष में प्रदर्शनी व् दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने दीप, कलश, थाली सजाकर, रंगोली, स्लोगन व् पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से नशे से दूर रहने व् स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया।

# सीखो और कमाओ

महाविद्यालय में **सीखो और कमाओ** प्रकोष्ठ **श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास** के निर्देशन में वर्षभर सक्रिय रहा। सरकार द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को कुछ आर्थिक सहायता देने के लिए **"Earn While You Learn Scheme"** का आरंभ किया गया है, जिसमें प्रतिदिन 100 रुपया प्रति घंटा मानदेय छात्राओं को दिए जाने की व्यवस्था है। इस सत्र में छह आर्थिक रूप से कमज़ोर व् मेधावी छात्राओं का चयन इस स्कीम के अंतर्गत किया गया तथा 20 हज़ार रुपये आर्थिक सहायता के रूप में इन छात्राओं को प्रदान किये गए।

## ओरिएंटेशन प्रोग्राम

दिनांक 01.08.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के पहले दिन की गतिविधियों का आयोजन किया गया । इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में बी0 ए0 प्रथम वर्ष में दाखिला लेकर आये विद्यार्थियों को महाविद्यालय की टीचिंग फैकल्टी, महाविद्यालय का इतिहास, साल भर में होने वाली गतिविधियों तथा पाठ्यक्रम आदि के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्याडॉ सीमा जैन के द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्लित करके किया । इसके उपरांत महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं ने फ्रेशर विद्यार्थियों के वेलकम के लिए स्वागत गीत गया । श्री कृष्ण यादव, कंप्यूटर अनुदेशक ने महाविद्यालय का इतिहास बताया तथा महाविद्यालय का एक्टिविटी कैलेंडर तथा महाविद्यालय की गतिविधियों आधारित पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की।

श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने कार्य्रकम के प्रबंधक के रूप में कार्य किया तथा टाइम टेबल, RR/CR, विषय बदलवाने, अब्सेंटी तथा सेशनल मार्क्स आदि के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी । श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने नई शिक्षा नीति के तहत पढ़े जाने वाले विषयों, महिला प्रकोष्ठ, EWYL, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बस पास, एंटी तंबाकू आदि के बारे में बताया । डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल ने भूगोल लैब, प्लेसमेंट सेल, लाइब्रेरी तथा एन0 एस0 एस0 के बारे में जानकारी दी जबकि श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने छात्राओं को स्कालरशिप के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के अलावा अभिभावक-गण, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोखरा तथा राजकीय मोडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोखरा रोहतक के प्राचार्य, महाविद्यालय के टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे ।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन के अलावा महाविद्यालय में कार्यरत सभी टीचिंग तथा नॉन टीचिंग सदस्यों ने बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठोट परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया ।

दिनांक 02.08.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन की गतिविधियों का आयोजन किया गया । ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन विद्यार्थियों को महाविद्यालय कैंपस में स्थित सभी डिपार्टमेंट तथा सभी सेल की विजिट करवाई गई। इस दौरान स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे तथा विजिट के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहे। विद्यार्थियों की यह विजिट **प्राचार्या कक्ष से प्रारम्भ होकर सेमिनार हॉल, ऑफिस, इंडोर गेम हॉल, कैंटीन, विद्यार्थियों के कॉमन रूम, इंग्लिश लैंग्वेज लैब, लाइब्रेरी, भूगोल लैब, ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन रूम, स्कालरशिप रूम तथा कंप्यूटर लैब** तक करवाई गई।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के कोड ऑफ़ कंडक्ट के बारे में बताया तथा महाविद्यालय में अनुशासन बनाये रखने का आह्वान किया । इस कार्यक्रम की रूपरेखा ओरिएंटेशन प्रोग्राम के प्रबंधक श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर हिंदी ने तैयार की । कैंपस में विद्यार्थियों की विजिट के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे रिया, अंजलि, उर्मिला, आशु व मुस्कान ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी ।

## इंडक्शन प्रोग्राम

दिनांक 10.08.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में हिंदी विभाग के सानिध्य में इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । **इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्राध्यापक श्री संदीप कुमार दांगी ने की** । इस अवसर पर **कुमारी अपर्णा गिल, असिस्टेंट प्रोविडेंट फण्ड कमिश्नर** ने महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अलावा **राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा तथा राजकीय मोडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा के विद्यार्थियों के साथ इंटरैक्ट किया** तथा विद्यार्थियों को भारतीय प्रसाशनिक सेवा के लिए प्रेरित किया और उसके लिए रणनीति बताई । अपर्णा गिल ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय प्रसाशनिक सेवा में जाने के लिए आप किसी भी भाषा का चुनाव कर सकते हैं लेकिन उसके लिए दृढ निश्चय और इच्छा शक्ति की आवश्यकता है । भारतीय प्रसाशनिक सेवा परीक्षा के लिए किसी कोचिंग की जरूरत नहीं है । आप ऑनलाइन क्लास के माध्यम से या यूट्यूब के माध्यम से घर पर रहकर भी इसकी तैयारी कर सकते हैं ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की वाईस प्रिंसिपल श्रीमती सुनीता धनखड़ के अलावा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, गांव के गणमान्य लोग, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा तथा राजकीय मोडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा के प्राचार्य तथा स्टाफ आदि मौजूद रहे । ग्राम पंचायत के द्वारा अपर्णा गिल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

## सांस्कृतिक गतिविधियां

महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन **श्रीमती सोनिया सहायक, प्रोफेसर इतिहास** तथा **श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी** के सानिध्य में करवाया गया

दिनांक 15.08.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ .सीमा जैन के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि आज हम अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। यह दिन उस दिन का सम्मान करता है, जब 1947 में भारत ब्रिटिश औपनिवेशिक नियंत्रण से अपने संबंध तोड़कर एक स्वतंत्र राष्ट्र बना था। यह ऐतिहासिक घटना उन लाखों लोगों का स्मारक है, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी, उनकी अटूट दृढ़ता और उनकी अदम्य भावना का प्रतीक है।

दिनांक 05.09.2024 को शिक्षक दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृषणन के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

दिनांक 13.09.2024 तथा 14.09.2024 को "प्रतिभा खोज प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। दिनांक 13.09.2024 को पोस्टर मेंकिंग, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट तथा रंगोली का आयोजन किया गया जबकि 14.09.2024 को सांग, कविता पाठ, भाषण, एकल डांस तथा ग्रुप डांस का आयोजन किया गया।

दिनांक 19.10.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ व् आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में अभिभावक-छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अभिभावकों के साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक विषयों पर चर्चा की गयी।

दिनांक 13.11.2024 व 14.11.2024 को महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती सोनिया व् डॉ विनोद के साथ पं. नेकी राम शर्मा, राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा

आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल, 2024 में हिस्सा लिया। महाविद्यालय की छात्रा मोनिका, द्वितीय वर्ष ने काव्य पाठ) हिंदी (में व् नीरू, तृतीय वर्ष ने पोस्टर मेकिंग में तथा निधि, प्रथम वर्ष व् कोमल, तृतीय वर्ष ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा की छात्राएं दिनांक 23.11. 2024 को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती सोनिया के साथ जॉय गांव व् प्रतापगढ़, झज्जर शैक्षणिक भ्रमण पर गयी। इस दौरान छात्राओं को हमारी प्राचीन विरासत व संस्कृति से रुबरु कराया गया।

## आजादी का अमृत महोत्सव

दिनांक 12.08.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का दूसरा दिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों ने हर घर तिरंगा के गीत सुनाये तथा स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने की शपथ ली इस कार्यक्रम का नेतृत्व (अधोहस्ताक्षरी) प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संदीप कुमार दांगी, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने की ।

इस तिरंगा यात्रा के दौरान श्री ईश्वर सिंह, श्री संदीप कुमार, डॉ विनोद कुमार, श्री सुरेश कुमार श्रीमती प्रभा आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मकसद सरकार के "हर घर तिरंगा" अभियान को सार्थक बनाना तथा देशवासियों के मन में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना है । इस कार्यक्रम के तहत 12 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2025 तक हर दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करके उनके माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान को सफल मनाना है।

प्राचार्य डॉ सीमा जैन ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की एडवांस में शुभकामनायें दी तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर में तिरंगा फहराने का आह्वान किया ।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

दिनांक 13.09.2024 तथा 14.09.2024 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा में "प्रतिभा खोज प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कल्चरल कमेटी की इंचार्ज श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने की ।

दिनांक 13.09.2024 को पोस्टर मेंकिंग, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट तथा रंगोली का आयोजन किया गया जबकि 14.09.2024 को सांग, कविता पाठ, भाषण, एकल डांस तथा ग्रुप डांस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके की। सरस्वती वंदना के उपरांत कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गयी। स्टेज का संचालन डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल ने किया।

**सोलो डांस में बी0 ए0 प्रथम वर्ष की निधि को प्रथम, बी0 ए0 द्वितीय वर्ष की संजू को द्वितीय तथा बी0 ए0 प्रथम वर्ष की काजल को तृतीय स्थान मिला। ग्रुप डांस में निधि तथा अंजलि को प्रथम जबकि रिया तथा रिया को द्वितीय स्थान मिला। कविता पाठ में बी0 ए0 तृतीय वर्ष की मुस्कान को प्रथम, पोस्टर मेकिंग में बी0 ए0 तृतीय वर्ष की नीरू को प्रथम तथा बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट में बी0 ए0 प्रथम वर्ष की एकता को प्रथम स्थान मिला।**

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 21.06.2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के पत्र क्रमांक 9/115-2023 Co. (3) दिनांक 11.06.2024 की अनुपालना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में **"महिला सशक्तिकरण थीम पर"** महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रबंधन श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने किया।

इस योगा शिविर के प्रारम्भ होने से पहले श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने छात्राओं को बताया कि 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस का प्रारम्भ हुआ। प्रतिवर्ष 21 जून को योगा दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि 21 जून उत्तरी गोलार्ध का सबसे बड़ा दिन होता है इसे ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। माना जाता है कि सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए काफी फायदेमंद होता है, साथ ही योगा भी मनुष्य को लम्बी आयु प्रदान करता है। योग की शिक्षा भगवन श्री कृष्ण ने गीता में दी। हजारों साल पूर्व भगवान शिव ने सप्तऋषियों को कैलाश पर्वत पर योग की शिक्षा दी थी, जिन्होंने सातों महाद्वीपों पर इसका प्रसार किया था। महर्षि पतंजलि के

अलावा अनेकों ऋषियों और योग आचार्यों ने योग अभ्यासों व यौगिक साहित्य के माध्यम से इस क्षेत्र के संरक्षण व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने आज प्राणायाम, अलोम-विलोम, कपालभाति, उष्ट्रासन, अधोमुख, पर्वतासन, शीर्षासन, मत्स्यासन, अनंतआसान, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, बालासन आदि योगों का अभ्यास करवाया।

## सूर्यनमस्कार

दिनाक 26.01.2025 को साक्षी मलिक राजकीय महाविधालय, मोखरा में उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के आदेशों की अनुपालना में सूर्यनमस्कार योगाभ्यास का आयोजन किया गया । गौरतलब है कि इस महाविद्यालय में 20.01.2025 से 26.01.2025 तक प्रतिदिन 15 मिनट में 12 बार सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया । आज इस योग ट्रेनिग का अंतिम दिन था ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने की । इस अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, बैंसी में कार्यरत श्रीमती प्रोमिला योगा इंस्ट्रक्टर ने प्रतिदिन महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्टाफ तथा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का योगाभ्यास करवाया ।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने योगा इंस्ट्रक्टर, श्रीमती प्रोमिला का महाविद्यालय में 20.01.2025 से 26.01.2025 तक प्रतिदिन 15 मिनट में 12 बार सूर्यनमस्कार के साथ साथ अन्य बहुत से योग क्रियाएँ जैसे कि श्वास क्रिया, कपाल भाति क्रिया, हलासन वज्रआसन, काकासन, मुद्रासन, गरुडासन आदि करवाने के लिए धन्यवाद दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ मोजूद रहा ।

# एन0 एस0 एस0 सेल

इस महाविद्यालय में दो राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयाँ हैं इकाई-I के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनोद कुमार (सहायक प्रोफेसर भूगोल) हैं और इसी प्रकार इकाई-II का मार्गदर्शन श्रीमती सोनिया (सहायक प्रोफेसर इतिहास) द्वारा किया जाता है । वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान महाविद्यालय ने सामाजिक कल्याण, जन जागरूकता और एनएसएस स्वयंसेवकों के समग्र परिवर्तन के लिए कई गतिविधियाँ की ।

इस सत्र के दौरान 05.08.2025 को महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम से एक विशाल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया । इस अभियान के दौरान 200 से भी अधिक पेड़ लगाये गए । इसी प्रकार एनएसएस स्वयंसेवकों ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के द्वारा आयोजित एक समान कार्यक्रम में भाग लिया । इस कार्यक्रम में इस महाविद्यालय से 06 स्वयंसेवकों ने भाग लिया । 09.08.2024 को एनएसएस इकाइयों ने हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया और इस अवसर पर इकाई-I तथा इकाई-II के कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्त्व में एक रैली ड्राइव के आयोजन किया ।

- ✓ 13.08.2024 के राखी महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह और बहु-अकबरपुर स्थित वृद्धाश्रम द्वारा राखियाँ बनायीं गयी ।
- ✓ 17.08.2024 को एनएसएस इकाइयों ने यातायात नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया । जिसमें विद्यार्थियों ने जनता के जागरूकता पैदा करने के लिए गाँव मोखरा में एक रैली का आयोजन किया ।
- ✓ 09.09.2024 को एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें साइबर सुरक्षा और सम्बंधित खतरा मुख्य विषय था । सेमिनार के दौरान कार्यक्रम का माहौल बनाने के लिए डॉ विनोद कुमार के द्वारा एक विस्तार व्याख्यान दिया गया ।
- ✓ 09.09.2024 को एनएसएस इकाइयों के द्वारा नशीली दवाओं की रोकथाम और आर्ट ऑफ़ लिविंग के बारे में डॉ राजबीर सिंह के द्वारा आर्ट ऑफ़ लिविंग के विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- ✓ 09.09.2024 को डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल के द्वारा ओजोन पत्र के संरक्षण पर एक विस्तार व्याख्यान और माई भारत पोर्टल पर कार्यशाला आयोजित की

गयी जिसमें एसडीएम कार्यालय महम से श्री दीपक ने छात्रों को माईभारत पोर्टल पर पंजीकरण के लिए मार्गदर्शन किया ।

- ✓ इस सत्र के दौरान महाविद्यालय को 10000/- रूपये का अतिरिक्त अनुदान प्राप्त हुआ क्योंकि महाविद्यालय को 17.09.2024 से 02.10.2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के लिए चुना गया था । इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता में भारत की स्थिति विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- ✓ स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के दौरान महाविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों के द्वारा मोखरा गाँव में स्वच्छता के लिए अभियान चलाया गया । 24.09.2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस भी मनाया गया ।
- ✓ 20.01.2025 से 26.01.2025 तक मेगा इवेंट में से एक के रूप में 7 दिवसीय एन एस एस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 11 से अधिक संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को सामाजिक व्यवहार को समझने और समाज के लिए कुछ करने में मदद की क्योंकि इसका विषय "मैं नहीं बल्कि आप" है ।

## प्लेसमेंट सेल

प्लेसमेंट सेल किसी भी शिक्षण संस्थान का एक महत्वपूर्ण अंग होता है । प्लेसमेंट सेल का मुख्य कार्य विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को पर्याप्त ट्रेनिंग प्रदान करना, भविष्य में मिलने वाली नौकरी की संभावनाओं के लिए तैयार करना, विद्यार्थियों में कम्युनिकेशन स्किल्स विकसित कारण, विद्यार्थियों का आचरण निर्माण करना आदि हैं । प्लेसमेंट सेल में मिलने वाले इन दिशानिर्देशों पर पूरी तरह से अमल करना स्टूडेंट्स पर निर्भर करता है और इसी से उनके करियर को एक दिशा मिलती है।

इस महाविद्यालय में भी एक प्लेसमेंट सेल है जोकि **डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल** की अधीनता में कर करती है । सत्र 2024-25 के दौरान प्लेसमेंट सेल में एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया । इस एक्सटेंशन लेक्चर में चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा के रजिस्ट्रार डॉ मनोज सिवाच ने नयी शिक्षा निति 2020 और युवाओं में कौशल पर व्याख्यान किया ।

## राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क

शिक्षा सत्र 2024-25 यह पहली बार हुआ है जब इस महाविद्यालय ने अपनी स्थिति और सुविधाओं को पता लगाने ले लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में भाग लिया ताकि ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान की जा सके ।

## इंग्लिश लैंग्वेज लैब

इंग्लिश लैंग्वेज लैब में शिक्षार्थियों को उनकी अंग्रेजी सुधारने में मदद मिलती है, किसी भी भाषा में दक्षता हासिल करने के लिए लगातार सुनना, बोलना और अभ्यास करना आवश्यक है इसलिए इंग्लिश लैंग्वेज लैब को कुछ इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि विद्यार्थी ऑडियो विज़ुअल ऐड और सॉफ्टवेयर की सहायता से अंग्रेजी भाषा सुनकर तथा लगातार अभ्यास करके अंग्रेजी भाषा में महारथ हासिल कर सकें । इस महाविद्यालय में 2019 में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के द्वारा इंग्लिश लैंग्वेज लैब की स्थापना की गई **इस लैब में 20 कंप्यूटर तथा एक स्मार्ट क्लासरूम है** । इस लैब का उद्देश्य विद्यार्थियों का अंग्रेजी भाषा का उच्चारण सुधारना है ।

## छात्रवृति

छात्रवृति एक प्रकार की आर्थिक सहायता को कहते हैं, जिसे विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा में आर्थिक रूप से सहायता एवं मानसिक रूप से प्रोत्साहन हेतु प्रदान की जाती है। इसे प्रदान करने का आधार मुख्य रूप से मेधावी अथवा निर्धन विद्यार्थियों से होता है। आम तौर पर, छात्रवृत्तियां शैक्षणिक योग्यता, विविधता और समावेशन, वित्तीय आवश्यकता जैसे मानदंडों के एक सेट के आधार पर प्रदान की जाती हैं। महाविद्यालय के द्वारा पढ़ने वाली छात्राओं को सत्र 2024-25 निम्नलिखित छात्रवृत्तियां प्रदान की गई है:-

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति स्कीम का नाम | कुल छात्राओं को छात्रवृत्ति बांटी गई |
|---|---|---|
| 01 | कंसोलिडेटेड स्टाईफण्ड स्कीम SC | 45 |
| 02 | पोस्ट मेट्रिक स्कालरशिप BC | 20 |
| 03 | स्टेट मेरिट स्कालरशिप UG गर्ल्स Fresh | 06 |
| 04 | स्टेट मेरिट स्कालरशिप UG गर्ल्स Renewal | 01 |
| 05 | हरियाणा स्टेट मेरिटोरियस इंसैंटिव स्कालरशिप | 03 |
| | कुल छात्रवृत्तियां | 75 |

महाविद्यालय में छात्रवृत्तियों से सम्बंधित कार्य नोडल अधिकारी **श्री ईश्वर सिंह व श्री कृष्ण यादव** के मार्गदर्शन में किया जाता है ।

## लीगल लिटरेसी सेल

लीगल लिटरेसी सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना है। इसमें बताया जाता है कि कोई कानून से ऊपर नहीं होता और कानून सबकी समान रूप से रक्षा करता है। हमारी दिनचर्या से जुड़े सभी काम किसी नियम या "कानून" के आधार पर ही चलते हैं। यदि हमें कानून की जानकारी है तो कोई हमें बिना वजह परेशान नहीं कर सकता और हमारे जो भी हक हैं उन्हें कोई छीन भी नहीं पायेगा । महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी सेल का कार्यभार **श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास** के पास है । दिनांक 03.09.2024 को महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी सेल के अधीन लीगल अवेयरनेस विषय पर डॉक्युमेंट्री मूवी में डॉ पंकज वध्वानी का लेक्चर दिखाया गया । दिनांक 26.10.2024 को लीगल लिटरेसी तथा वीमेन सेल के तत्वावधान में साइबर क्राइम/ साइबर सिक्यूरिटी विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बहु अकबरपुर पुलिस थाना से सब इन्स्पेक्टर सतपाल सिंह तथा साइबर क्राइम इनचार्ज ASI श्री विकास कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम/ साइबर सिक्यूरिटी विषय पर अपने विचार रखे ।

# ड्रग अवेयरनेस सेल

दिनांक 12.08.2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में ,Anti Tobacco Cell के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का आयोजAnti Tobacco cell की संयोजिका श्रीमती सोनिया के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति एक गंभीर समस्या है, जो समाज में अधिकतर व्यक्तियों को प्रभावित करती है। नशे का सेवन समाज में अपराध, गरीबी और परिवारों के टूटने की प्रमुख वजह है।नशा मुक्ति हमारे समाज के विकास के लिए आवश्यक है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम नशे से मुक्ति प्राप्त करने के लिए प्रयास करें और अपने समाज को नशे के हानिकारक प्रभावों से बचाने में सहयोग करें। यह प्रतियोगिता इसी उद्देश्य की प्राप्ति के प्रयोजन से करवाई गयी है, ताकि युवाओं में इस के प्रति जागरूकता फैले।

दिनांक 03.09.2024 को युवा रेड क्रास व् ड्रग अवेयरनेस सेल के संयुक्त तत्वाधान मे धुम्रपान मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

दिनांक 09.09.2024 को महाविद्यालय में आर्ट ऑफ़ लीविंग विषय पर एक दिवसीय सेमिनार-कम-एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया । इस सेमिनार में श्री राजवीर सिंह, जिला को-ऑर्डिनेटर झज्जर, गवर्नमेंट प्रोग्राम डिपार्टमेंट, झज्जर (हरियाणा) को मुख्य वक्ता के तौर पर बुलाया गया । उन्होंने विद्यार्थियों को आनंदपूर्ण जीवन शैली अपनाने के फायदे बताये तथा नशे आदि से दूर रहने के लिए प्रेरित किया ।

दिनांक: 25.10.2024 को एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल और महिला प्रकोष्ठ के द्वारा दीपावली पर्व के उपलक्ष में प्रदर्शनी व् दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रछात्राओं ने दीप-, कलश, थाली सजाकर, रंगोली, स्लोगन व् पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से नशे से दूर रहने व् स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया।

दिनांक: 22.11.2024 को महाविद्यालय में एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कोमल, निधि, मुस्कान, हिमांशी आदि छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा नशे से दूर रहने व् स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक किया।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्ष 2023-24

| कक्षा सेमेस्टर | छात्राओं की संख्या | परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या | उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या | महाविद्यालय उत्तीर्ण % | वि0वि0 उत्तीर्ण % | अधिक या कम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हिंदी | | | |
| प्रथम | 53 | 49 | 42 | 85.71% | | |
| द्वितीय | 53 | 48 | 41 | 85.41% | 62.10% | +23.31 |
| तृतीय | 61 | 61 | 33 | 54.09% | 69.10% | -15.01% |
| चतुर्थ | 61 | 57 | 54 | 94.73% | | |
| पांचवा | 87 | 84 | 78 | 92.85% | 71.55% | +21.30% |
| छठा | 87 | 82 | 80 | 97.56% | | |
| कक्षा सेमेस्टर | छात्राओं की संख्या | परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या | उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या | महाविद्यालय उत्तीर्ण % | वि0वि0 उत्तीर्ण % | अधिक या कम |
| | | | अंग्रेजी | | | |
| प्रथम | 53 | 50 | 36 | 72% | | |
| द्वितीय | 53 | 48 | 45 | 93.75% | 61.65% | +32.10% |
| तृतीय | 61 | 58 | 31 | 53.44% | 65.02% | -11.58% |
| चतुर्थ | 61 | 57 | 30 | 52.63% | | |
| पांचवा | 87 | 84 | 66 | 78.57% | 69.89% | +8.68% |
| छठा | 87 | 82 | 71 | 86.58% | | |
| कक्षा सेमेस्टर | छात्राओं की संख्या | परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या | उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या | महाविद्यालय उत्तीर्ण % | वि0वि0 उत्तीर्ण % | अधिक या कम |
| | | | इतिहास | | | |
| प्रथम | 39 | 36 | 20 | 55.55% | | |
| द्वितीय | 39 | 36 | 32 | 88.88% | 57.75% | +31.13% |
| तृतीय | 40 | 38 | 35 | 92.10% | 71.59% | +20.51% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चतुर्थ | 40 | 37 | 24 | 64.86% | | |
| पांचवा | 52 | 49 | 17 | 34.69% | 72..29% | -37.60 |
| छठा | 52 | 47 | 45 | 95.74% | | |
| **कक्षा सेमेस्टर** | **छात्राओं की संख्या** | **परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या** | **उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या** | **महाविद्यालय उत्तीर्ण %** | **वि0वि0 उत्तीर्ण %** | **अधिक या कम** |
| | | | **भूगोल** | | | |
| प्रथम | 21 | 17 | 16 | 94.11% | | |
| द्वितीय | 21 | 16 | 12 | 75% | 51:88% | +23.12% |
| तृतीय | 32 | 31 | 13 | 41.93% | 61.19% | -19.26% |
| चतुर्थ | 32 | 28 | 26 | 92.85% | 69.52% | +23.33% |
| पांचवा | 47 | 43 | 43 | 100% | 73.50% | +26.50% |
| छठा | 47 | 44 | 43 | 97.72% | 75.67% | +22.50% |
| **कक्षा सेमेस्टर** | **छात्राओं की संख्या** | **परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या** | **उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या** | **महाविद्यालय उत्तीर्ण %** | **वि0वि0 उत्तीर्ण %** | **अधिक या कम** |
| | | | **राजनीतिक शास्त्र** | | | |
| प्रथम | 46 | 45 | 40 | 88.88% | | |
| द्वितीय | 46 | 43 | 42 | 97.67% | 67.04% | +30.63% |
| तृतीय | 50 | 48 | 40 | 83.33% | 70.13% | +13.20% |
| चतुर्थ | 50 | 47 | 47 | 100% | | |
| पांचवा | 75 | 73 | 28 | 38.35% | 73.97% | -35.62% |
| छठा | 75 | 72 | 66 | 91.66% | | |

## एलुमनाई एसोसिएशन

किसी भी महाविद्यालय के विकास में एलुमनाई एसोसिएशन की बहुत बड़ी भूमिका होती हैं । एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्य महाविद्यालय के सतम्भ होते हैं क्योंकि वे भावनात्मक रूप से महाविद्यालय के साथ जुड़े होते हैं । एलुमनाई किसी भी शिक्षण संस्थान की बहुत बड़ी

अड्वॅरटाइजमेन्ट होते हैं । किसी भी संस्थान की गुणवत्ता का अन्दाजा उसमे पढ़े हुए एलुमनाई से लगाया जा सकता हैं क्योंकि कोई भी शिक्षण संस्थान समाज में वहां पढ़े हुए विद्यार्थियों के माध्यम से झलकता हैं ।इस महाविद्यालय में भी एक एक्टिव एलुमनाई सेल हैं जोकि **डॉ विनोद कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल** की अध्यक्षता में काम करती हैं ।

दिनांक 22.02.2025 को महाविद्यालय में **चौथी एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया**, जिसमे **श्रीमती साक्षी मलिक, ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता, श्री सत्यव्रत कादयान, अर्जुन अवार्डी, श्रीमती अन्नू नरवाल, सोशल एक्टिविस्ट को मुख्य अथिति के रूप में बुलाया गया** । इस अवसर पर महाविद्यालय में पढ़ी पूर्व छात्राओं के अलावा गांव मोखरा के सरपंचों, गाँव के गणमान्य लोगों आदि को भी बुलाया गया था । इस दौरान महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया ।

## विभाग तथा विभागीय गतिविधियां

शैक्षणिक विभागों का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान की प्रकृति की समझ में सुधार करना है। यह समयबद्ध तरीके से निर्धारित पाठ्यक्रमों का व्यापक कार्यक्रम प्रदान करता है। विभागों का गठन सम्बंधित शिक्षकों के मार्गदर्शन में शैक्षणिक, अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का खाका तैयार करके उसको लागु करना है । इस महाविद्यालय में निम्नलिखित विभाग हैं:-

**हिंदी साहित्य विभाग:-**

- ✓ महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अध्यक्ष श्री संदीप कुमार हैं । महाविद्यालय में हिंदी विभाग में श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर की अध्यक्षता में 14 सितम्बर 2024 को **हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी, प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया** ।
- ✓ 12 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2024 तक स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गयी तथा विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा से सम्बंधित विडियो दिखाई गयी ।

**अंग्रेजी साहित्य विभाग:-**

- ✓ महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में कोई भी प्राध्यापक कार्यरत नहीं हैं ।

**भूगोल परिषद:-**

- ✓ सत्र 2024-25 के दौरान भूगोल विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस-2024 मनाने के लिए 13.09.2024 को ओजोन संरक्षण पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में पढने वाले विद्यार्थियों के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के भी भाग लिया।
- ✓ 18 नवम्बर 2024 को भूगोल विभाग ने सभी युवा भूगोल स्नातकों के लिए भू-स्थानिक प्रोद्योगिकी, अनुप्रयोग और करियर के अवसरों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें भूगोल विभाग ने स्काइलाइन इंस्टिट्यूट ऑफ़ जियोइन्फार्मेटिक्स, रोहतक के साथ सहयोग किया।

**इतिहास विभाग:-**

- ✓ महाविद्यालय में इतिहास विभाग में श्री ईश्वर सिंह तथा श्रीमती सोनिया कार्यरत हैं। दिनांक 01.10.2024 को इस महाविद्यालय में **इतिहास विभाग के तत्वाधान में "राष्ट्र-पिता महात्मा गाँधी की स्वच्छता में भूमिका" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया** जिसकी अध्यक्षता इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री ईश्वर सिंह तथा श्रीमती सोनिया सहायक प्रोफेसर इतिहास ने की।
- ✓ दिनांक 26.11.2024 को इस महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वाधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

**राजनीतिक शास्त्र विभाग:-**

- ✓ महाविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र विभाग की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता धनखड़ हैं।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह तथा दीक्षांत समारोह

**दिनांक 22.02.2025 को महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे श्रीमती साक्षी मलिक जी (पदमश्री पुरुस्कार व ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता), श्री सत्यव्रत कादयान जी (अर्जुन अवार्डी) तथा श्रीमती अन्नू नरवाल जी (सोशल एक्टिविस्ट) को मुख्य अथिति के रूप में बुलाया गया ।** यह प्रोग्राम महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया । इस अवसर पर गांव **मोखरा के सरपंचों, राजकीय मोडल संस्कृति स्कूल के प्रिंसिपल व स्टाफ, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय मोखरा के प्रिंसिपल व स्टाफ आदि को विशिष्ट अथिति के तौर पर बुलाया गया ।** इस दौरान दीक्षांत समारोह के उपरांत महाविद्यालय में **समूह गीत, एकल गीत, समूह नृत्य, एकल नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों** का भी आयोजन किया गया । वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली **विद्यार्थियों को मुख्य अथिति के द्वारा सम्मानित किया गया ।** इस अवसर पर महाविद्यालय **प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट (2024-25) को शोकेस किया तथा डॉ विनोद कुमार ने पॉवर पॉइंट के माध्यम से महाविद्यालय को प्रदर्शित किया ।**

# शिक्षा-सत्र 2024-25 में महाविद्यालय की उपलब्धियां

1. शिक्षा सत्र 2024-25 में महाविद्यालय उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के द्वारा **सह-शिक्षण संस्थान में तब्दील कर दिया गया** ।
2. महाविद्यालय के कार्यालय में नए फर्नीचर जैसे **टेबल, अलमारी, कंप्यूटर, प्रिंटर** आदि को ऐड करके कार्यालय की फेस लिफ्टिंग की गयी ।
3. महाविद्यालय के **ऑडिटोरियम की साउंड प्रूफिंग** की गयी ।
4. महाविद्यालय के कार्यरत स्टाफ तथा विद्यार्थियों के लिए **व्हीकल पार्किंग सैड** बनवाए गए ।
5. महाविद्यालय का **नया मुख्य गेट** बनवाया गया ।
6. महाविद्यालय भवन की **चारदीवारी के निर्माण** करवाया गया ।
7. महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के द्वारा 09 नए कंप्यूटर भेजे गये तथा 05 कंप्यूटर महाविद्यालय के द्वारा ऑफिस के लिए ख़रीदे गये कुल मिलाकर **14 नए कंप्यूटर महाविद्यालय में ऐड हुए** ।
8. महाविद्यालय के पुस्तकालय का नामकरण **"उत्कर्ष पुस्तकालय"** किया गया ।
9. महाविद्यालय में **हर्बल कार्नर एवं किचन गार्डन** मेन्टेन करने का प्रयास किया गया ।
10. महाविद्यालय के **विज़न तथा मिशन का डिस्प्ले बोर्ड लगवाया** गया । इसके अलावा **महाविद्यालय का मैप भी एडमिन ब्लाक में लगाया** गया ।
11. महाविद्यालय में **8 नए CCTV कैमरे** लगवाए गये ।

# व्यक्तिगत उपलब्धियां

1. महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन को **महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक** के द्वारा **यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काउंसिल तथा यूनिवर्सिटी अकादमिक काउंसिल का सदस्य** मनोनीत किया गया ।

2. महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने दिनांक **25.9.2024** को **राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखनमाजरा** में सांस्कृतिक कार्यक्रम **"हुनर"** में मुख्य अथिति के तौर पर बुलाया गया ।

3. महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन को **वैश्य महिला महाविद्यालय, रोहतक** के द्वारा दिनांक **17.10.2024 से 18.10.2024** तक **स्टेट गवर्नमेंट नॉमिनी** नियुक्त किया गया ।

4. महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने दिनांक **10.2.2025** को **पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय रोहतक** में **"साइंस एक्जिबिसन"** में मुख्य अथिति के तौर पर बुलाया गया ।

5. महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने दिनांक **11.2.2025** को **राजकीय स्नातकोतर महिला महाविद्यालय, रोहतक** में **"64 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता"** में मुख्य अथिति के तौर पर बुलाया गया ।

6. दिनांक 01.08.2024 तथा 02.08.2024 को श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर हिंदी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में **"ओरिएंटेशन प्रोग्राम"** का सफल आयोजन किया ।

7. दिनांक 31.01.2025 तथा 01.02.2025 को श्री संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में **"आठवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता"** का सफल आयोजन किया ।

8. दिनांक 10.08.2024 को श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर हिंदी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में **"इंटरेक्शन प्रोग्राम"** का सफल आयोजन किया ।

9. संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर हिंदी ने दिनांक 10.01.2025 को राजकीय महाविद्यालय साहा, अम्बाला में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में **"भारतीय ज्ञान प्रणाली के विविध आयाम "** विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया ।

10. 18.09.2024 को श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में **वोटर जागरूकता के लिए एक दिवसीय हस्ताक्षर अभियान** का आयोजन करवाया गया ।

11.25.09.2024 को श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में **स्लोगन राइटिंग कम्पटीशन करवाया** ।

12.28.09.2024 को श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में **वोटर अवेयरनेस विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर** का आयोजन करवाया गया ।

13.26.11.2024 को श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास ने साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक) में **संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक्सटेंशन लेक्चर** दिया ।

14.18.09.2024 को डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल ने हरियाणा के स्नातकोत्तर शिक्षकों के 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में **"जियोमॉर्फिक प्रक्रियाएं और भू-आकृति निर्माण"** विषय पर **राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, हरियाणा गुरुग्राम** में एक्सटेंशन लेक्चरर के रूप में एक विस्तार व्याख्यान दिया।

15.28.10.2024 को डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल ने **"पर्यावरण प्रदूषण और आसपास के क्षेत्रों से उनके समाधान"** विषय पर 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के एक्सटेंशन लेक्चरर के रूप में एक विस्तार व्याख्यान दिया।

16.28.02.2025 को डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में यूथ रेड क्रॉस (YRC) शिविर में **"यूथ रेड क्रॉस (YRC) स्वयंसेवक और आपदा प्रबंधन: आस-पास से कुछ सुराग"** विषय पर एक्सटेंशन लेक्चरर के रूप में एक विस्तार व्याख्यान दिया।

17.12.11.2024 को डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल ने **गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में पंजाब भूगोलवेत्ताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन में "हरियाणा में हरित क्रांति के बाद चावल आधारित फसल पैटर्न-विकास और वितरण के कुछ पहलू"** शीर्षक से प्रस्तुत पेपर किया ।

18.18 जनवरी, 2025 को डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल ने **महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, रोहतक** के राष्ट्रीय सम्मेलन में **"हरियाणा में कृषि स्थिरता में मुद्दे: चावल के अत्यधिक प्रभुत्व से खतरा"** शीर्षक वाला पेपर प्रस्तुत किया ।

19.24.06.2024 को डॉ विनोद कुमार, सहायक प्रोफेसर भूगोल ने PGBOS मीटिंग में स्पेशल इनविटेशन पर भाग लिया तथा भूगोल विषय के अंडर ग्रेजुएट के 6 डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स, 2 माइनर कोर्स, 2 स्किल एनहांसमेंट कोर्स तथा 2 मल्टीडिसिप्लिनरी कोर्स के करिकुलम डिजाईन में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया ।

# आभार ज्ञापन

यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय हैं कि **श्रीमती साक्षी मलिक जी (पदमश्री पुरुस्कार व ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता), श्री सत्यव्रत कादयान जी (अर्जुन अवार्डी) तथा श्रीमती अन्नू नरवाल जी (सोशल एक्टिविस्ट)** ने हमारे निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करके हमें कृतज्ञ किया । आपकी विशद एवं प्रगतिशील विचारधारा से हमारी छात्राएं निश्चित रूप से लाभान्वित होंगी

मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से **माननीय निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा** के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ । रोहतक मंडल के **आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) महम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान, भवन, विद्युत् एवं जल के सभी अभियन्तागण एस0 डी0 ओ0 तथा जे0 ई0** हमारे आभार के पात्र हैं ।

इस समारोह के अवसर पर **मैं महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्रध्यापकवृंद तथा सभी कर्मचारिगणों का आभार व्यक्त करती** हूँ, जिन्होंने अपने कर्त्तव्य को पुराण निष्ठा से निभाया हैं । जिन छात्राओं ने अनुशासन में रहते हुए शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं में श्लाघनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं, वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने के दायित्व कुशलतापूर्वक निभाने के लिए **श्रीमती सोनिया, सहायक प्रोफेसर इतिहास विभाग** का भी हार्दिक धन्यवाद करती हूँ। इसके अतिरिक्त मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिसने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

अंत में मैं एक बार पुनः आज के समारोह के **मुख्य अथिति महोदय एवं उपस्थित महानुभावों** का हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ ।

**डॉ (श्रीमती) सीमा जैन**

**एच.ई.एस.-I**

**प्राचार्या**

**साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय**

**मोखरा (रोहतक)**

**22.02.2025**